आपके पेयजल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

मिडलसेक्स वाटर कंपनी में परफ्लोरोऑक्टेनोइक एसिड (PFOA) के स्तर पेयजल मानकों से ऊपर हैं

हमारी जल प्रणाली ने हाल ही में न्यू जर्सी के पेयजल मानक का उल्लंघन किया है, और हमारे ग्राहकों के रूप में, आपको यह जानने का अधिकार है कि क्या हुआ, आपको क्या करना चाहिए और इस स्थिति को ठीक करने के लिए हम क्या कर रहे हैं। परफ्लोरोऑक्टेनोइक एसिड (PFOA) के लिए पेयजल मानक को पार कर गया था।

सार्वजनिक सूचना सामग्री की अनूदित प्रति प्राप्त करने या सहायता का अनुरोध करने के लिए हमसे 800-549-3802 या info@middlesexwater.com पर संपर्क करें।

हम नियमित रूप से संघीय सरकार और राज्य द्वारा नियंत्रित पेयजल संदूषकों की उपस्थिति की निगरानी करते हैं। न्यू जर्सी ने 2020 में PFOA के लिए मानक, या अधिकतम संदूषक स्तर (MCL) अपनाया और आवश्यक निगरानी 2021 में शुरू हुई। PFOA के लिए MCL 14 भाग प्रति ट्रिलियन (पीपीटी) है और यह एक चालू वार्षिक औसत (RAA) पर आधारित है, जिसमें निगरानी डेटा के सबसे हाल की चार तिमाहियों का औसत है। जैसी कि उम्मीद थी, 10 दिसंबर, 2021 को, हमें सूचना मिली कि 3 नवंबर, 2021 को एकत्र किए गए नमूने से पता चला है कि हमारा सिस्टम PFOA MCL से अधिक है। PFOA का पता 27.7 पीपीटी पर चला, जिसके कारण चालू वार्षिक औसत (RAA) MCL से अधिक हो गया। **इस तथ्य के बावजूद कि कूपक्षेत्र को 9 नवंबर को बंद कर दिया गया था और ग्राहकों को अब इन कूपों से पानी नहीं मिल रहा है, कंपनी के लिए अभी-भी, जब तक स्थायी शोधन स्थापित न हो जाए तब तक यह सार्वजनिक सूचना जारी करना और साउथ प्लेनफ़ील्ड फ़ेसिलिटी में MCL का अनुपालन करना आवश्यक है।**

PFOA किसे कहते हैं?

परफ्लोरोऑक्टेनोइक एसिड (PFOA) रसायनों के समूह का एक सदस्य है जिसे प्रत- और पॉलीफ्लोरोअलकाइल पदार्थ (PFAS) कहा जाता है, जिसका उपयोग कठोर रसायनों और उच्च तापमान के प्रतिरोध के आधार पर नॉन-स्टिक कुकवेयर और अन्य उत्पादों के साथ-साथ अन्य वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगों में उपयोग किए जाने वाले फ्लोरोपॉलीमर के निर्माण में प्रसंस्करण सहायता के रूप में किया जाता है। PFOA का उपयोग अग्निशामक और प्रशिक्षण के लिए जलीय फिल्म बनाने वाले फोम में भी किया जाता है, और यह उपभोक्ता उत्पादों जैसे असबाब और कालीनों के लिए दाग-प्रतिरोधी कोटिंग, पानी प्रतिरोधी बाहरी कपड़ों और ग्रीसप्रूफ खाद्य पैकेजिंग में पाया जाता है। पेयजल में PFOA के प्रमुख स्रोतों में औद्योगिक कार्यस्थलों से निकलने वाले कचरे, जहां इसे बनाया या इस्तेमाल किया गया था और जलीय फिल्म बनाने वाले फोम के कचरे शामिल हैं। हालांकि PFOA के उपयोग में काफी कमी आई है, लेकिन प्रदूषण अनिश्चित काल तक बने रहने की उम्मीद है क्योंकि यह पर्यावरण में बेहद स्थिर रहता है और पानी में घुलनशील और गतिशील है।

इसका क्या मतलब है?

**जो लोग काफी समय से MCL से अधिक PFOA युक्त पानी पीते हैं, उनके रक्त सीरम कोलेस्ट्रॉल के स्तर, यकृत, गुर्दे, प्रतिरक्षा प्रणाली, या, पुरुषों में, प्रजनन प्रणाली में समस्याओं का अनुभव हो सकता है। काफी समय तक MCL से अधिक PFOA युक्त पानी पीने से टेस्टिकुलर और किडनी के कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। महिलाओं के लिए, काफी समय तक MCL से अधिक PFOA युक्त पीने के पानी से भ्रूण और/या शिशु के विकास में देरी हो सकती है। इनमें से कुछ विकासात्मक प्रभाव पूरे बचपन तक बने रह सकते हैं।*

* *विशिष्ट स्वास्थ्य जानकारी के लिए,* https://www.nj.gov/health/ceohs/documents/pfas_drinking%20water.pdf को देखें।

मुझे क्या करना चाहिए?

- यदि आपको विशिष्ट स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं हैं, गंभीर रूप से जोखिमपूर्ण प्रतिरक्षा प्रणाली, शिशु है, गर्भवती हैं, या बुजुर्ग हैं, तो आप अन्य व्यक्तियों की तुलना में अधिक जोखिम में हो सकते हैं और इस पानी को पीने के बारे में अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं से सलाह लेनी चाहिए।
- न्यू जर्सी स्वास्थ्य विभाग सलाह देता है कि पीने के पानी में PFAO अधिक होने पर शिशुओं के लिए शिशु फार्मूला फुड और जूस जैसे अन्य पेय बोतलबंद पानी से तैयार किए जाने चाहिए।
- गर्भवती, स्तनपान कराने वाली और बच्चे पैदा करने पर विचार करने वाली महिलाएं PFOA से संपर्क को कम करने के लिए पीने और खाना पकाने के लिए फ़िल्टर्ड या बोतलबंद पानी का उपयोग करना चुन सकती हैं।
- अन्य लोग PFOA से संपर्क को कम करने के लिए पीने और खाना पकाने के लिए बोतलबंद पानी या पीएफओए के स्तर को कम करने के लिए प्रमाणित एक घरेलू पानी फिल्टर का उपयोग करना चुन सकते हैं । ऐसे घरेलू जल उपचार उपकरण उपलब्ध हैं जो PFOA के स्तर को कम कर सकते हैं। PFOA को कम करने के लिए घरेलू पानी फिल्टर की प्रभावशीलता के बारे में अधिक विशिष्ट जानकारी के लिए, नेशनल सेनिटेशन फाउंडेशन (NSF) के अंतर्राष्ट्रीय वेबसाइट http://www.nsf.org/ देखें।
- अपने पानी को उबालने से उसमें से PFOA नहीं हटेगा।

अधिक जानकारी के लिए https://www.nj.gov/dep/watersupply/pfas/ को देखें

क्या किया जा रहा है?

मिडलसेक्स वॉटर ने उस कूपक्षेत्र को 9 नवंबर, 2021 से बंद कर दिया था जिसके परीक्षण के परिणाम, नए PFOA मानक की राज्य सीमाओं से अधिक आ रहे थे। हम ऐसे वैकल्पिक स्रोतों से पानी प्राप्त कर रहे हैं जो राज्य और संघ के सभी पेयजल मानकों का अनुपालन करते हैं। हमने हमारे बुनियादी ढाँचे में हाल ही में जो अपग्रेड पूरे किए हैं उनसे हमें प्रभावित कूपों को बायपास करते हुए ग्राहकों की माँगें पूरी करने की क्षमता मिली है। आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर, कंपनी कूपक्षेत्र को तब तक सेवा से पूरी तरह बाहर रखने का इरादा रखती है जब तक उस साउथ प्लेनफ़ील्ड फ़ेसिलिटी में शोधन के सुधार पूरे न कर लिए जाएँ, जिनके 2023 के मध्य में पूरे होने की उम्मीद है। हम हमारी वेबसाइट *www.middlesexwater.com* पर हर तीन माह पर अपडेट देते रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे ग्राहक सेवा विभाग से 800-549-3802 पर संपर्क करें।

कृपया इस जानकारी को अन्य सभी लोगों के साथ साझा करें जो इस पानी को पीते हैं, विशेष रूप से उन लोगों के साथ जिन्हें यह नोटिस सीधे नहीं मिला है (उदाहरण के लिए, अपार्टमेंट, नर्सिंग होम, स्कूल और व्यवसायों के लोग)। आप इस नोटिस को सार्वजनिक स्थान पर पोस्ट करके या हाथ या मेल द्वारा प्रतियां वितरित करके ऐसा कर सकते हैं।

यह सूचना आपको मिडिलसेक्स वाटर कंपनी द्वारा भेजा जा रहा है। राज्य जल प्रणाली ID#1225001

वितरण तिथिः 1/22/2022